शिक्षापत्री सारांश

शिक्षापत्री सारांश

श्री स्वामिनारायण मंदिर
श्रीजी बापा
वासणा, अमदावाद-७.
SMVS

■ *प्रेरणामूर्ति* ■

प.पू.अ.मु. सद्. श्री देवनंदनदासजी स्वामीश्री
(प.पू. बापजी)

■ *प्रकाशक* ■

"सत्संग साहित्य डिपार्टमेन्ट"
स्वामिनारायण धाम - गांधीनगर.
फोन : २३२१३०५२/५३

■ *प्रस्तुत कर्ता*

श्री स्वामिनारायण मंदिर वासणा संस्था **(SMVS)**

■ *प्रेरणामूर्ति*

प.पू.अ.मु. सद्. श्री देवनंदनदासजी स्वामीश्री (प.पू. बापजी)

■ *लेखनकार्य*

साहित्य लेखन कार्यालय

■ *संस्करण*

प्रथम : फरवरी - २००९ • १००० प्रत

द्वितिय : फरवरी - २०११ • २००० प्रत

© सभी हक्क प्रकाशक के स्वाधीन

■ *सौजन्य*

मुनि क्रन्स्ट्रकशन - अहमडाबाद

■ *प्राप्ति स्थान* संस्था के सभी केन्द्र

■ *मूल्य* रू. ४.००

सेवा मूल्य रू. २.००

नित्य पूजा

"सभी प्रातःकाल स्नान करके भगवान की पूजा करें और बाद में ही दूसरा कार्य (धंधा) करें।"

– श्रीजीमहाराज (ग.प्र. ४८ वच.)

प्रातःकाल जल्दी उठकर, स्नानादिक क्रिया करके स्वामिनारायण भगवान की आज्ञा अनुसार एक शुद्ध वस्त्र पहनें और एक ओढें, और पूर्व की तरफ मुख करके या उत्तर की तरफ मुख करके पूजा करने बैठे। बैठने के लिये एक आसन रखें। उसके बाद श्रीजीमहाराज के लिये कम से कम दो आसन (रेशमी कपडे)

बिछायें और उसके उपर पूजा की मूर्तियाँ इकट्ठी रखें।

उसके बाद भाल के मध्य में स्वामिनारायण भगवान के प्रतीक समान तिलक करें और तिलक के मध्य में मुक्त के प्रतीक समान कुमकुम का चांदला (टीका) करें। इसी प्रकार चंदन का तिलक और चांदला दोनों हाथ पर और सीने के मध्य भाग में भी करें। जबकि स्त्री वर्ग को सिर्फ एक कुमकुम की बिंदी ही केवल भाल में ही करना चाहिये पर तिलक न करें।

इसके बाद नेत्र बंद करके प्रथम मानसी पूजा करें। जिसमें साक्षातभाव से मनन करें। अब शयन किये हुए महाराज को जगायें। तत् पश्चात् स्नानविधि करायें। महाराज को ऋतु अनुसार ठंडे-गरम जल से स्नान करायें। इसके बाद सुंदर कीमती वस्त्र-अलंकार धारण कराके सिंहासन पर बिराजमान कर आरती करें। केसर, इलायचीयुक्त दूध, मेवा, अल्पाहार, वगैरह भोग धराएँ। इसके बाद महाराज की चंदन-पुष्प के अर्चन से पूजा करें। इस तरह मानसी पूजा करें। अब स्वामिनारायण भगवान, सहजानंद

स्वामी, जीवनप्राण बापाश्री और अन्य सद्गुरुओं की मूर्तियों को साक्षात्भाव से पूजा में स्थापित करें और महाराज का आह्वान मंत्र बोलकर बिराजमान करें। इसके बाद मूर्ति के सामने एकाग्र चित्त होकर, मूर्ति को निहारते हुए स्वामिनारायण... स्वामिनारायण... मंत्र का रटण (जाप) करते हुए पाँच माला करें। इस बीच कुछ भी बोलना या इशारा करना या हाथ से इशारा करना वर्जित है।

इसके बाद एक पैर पर खडे होकर गुरुमंत्र की एक माला करें। अपना गुरुमंत्र है, "अहम् अनादिमुक्त स्वामिनारायण दासोस्मि।" इसके बाद एक माला प्रदक्षिणा (परिक्रमा जो भगवान को आसन पर बिराजमान किया है उनकी) करते हुए करें। तत्पश्चात् कम से कम छः दंडवत प्रणाम करें और स्वामिनारायण भगवान से प्रार्थना करें कि "हे महाराज! कुसंग से मेरी रक्षा करना और मुझसे मन-कर्म या वचन से जाने-अनजाने में भी आपका अपराध हो गया हो तो क्षमा करना, और इसके

प्रायश्चित्त के रूप में एक दंडवत् प्रणाम अधिक किया है।" इसके पश्चात् थाल (भोग) लगाने का कीर्तन बोलकर श्रीजीमहाराज को प्रसाद का भोग लगाये, और बाद में विसर्जन मंत्र बोलकर मूर्तियों को चरणस्पर्श करके एकत्र करें और शिक्षापत्री सारांश की पाँच आज्ञाओं का पठन कर पूजा समाप्त करें।

इस प्रकार पूजा समाप्ति के बाद ही दूसरी सर्व क्रिया करें।

आह्वान मंत्र

उत्तिष्ठोत्तिष्ठ हे नाथ ! स्वामिनारायण प्रभो
धर्मसुनो दयासिंधो, श्वेषां श्रेयः परम् कुरु ।
आगच्छ भगवन् देव, स्वस्थानात् परमेश्वर
अहम् पूजा करिष्यामि, सदा त्वम् सन्मुखोभव ॥

विसर्जन मंत्र

स्वस्थानम् गच्छ देवेष, पूजा मादाय मामकिम ।
इष्टकाम प्रसिद्धि अर्थम्, पुनरागमनाय च ॥

प्रस्तावना.....

अपने इष्टदेव सर्वोपरी श्री स्वामिनारायण भगवान ने अपने सब आश्रितों (भक्तों) के लिये वडताल गाँव में स्वहस्ताक्षर से संवत १८८२ के माघ शुक्ल ५ (पंचमी) के दिन इस शिक्षापत्री को लिखा है, जो सभी के जीव का हित करने वाली है। प्रेम से इस शिक्षापत्री के अनुसार ही निरन्तर सावधानी पूर्वक सभी को आचरण करना चाहिये, लेकिन इस शिक्षापत्री का उल्लंघन करके आचरण नहीं करना चाहिये।

श्रीजीमहाराज ने स्वमुख से कहा है कि, ''ये जो वाणी है वो हमारा स्वरूप है और इसे परम आदर सहित माने।

हमारे आश्रित सभी पुरुष और स्त्री जो भी इस शिक्षापत्री के

अनुसार आचरण करेंगे, तो वे धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष वे चारों पुरुषार्थ की सिद्धि को निश्चय ही प्राप्त करेंगे और जो भी स्त्री या पुरुष इस शिक्षापत्री के अनुसार आचरण नहीं करेंगे, तो वे हमारे सम्प्रदाय से बाहर है ऐसा समझें (माने)।''

श्रीजीमहाराज ने ऐसे बलपूर्वक शब्दों से स्वयम् यह आज्ञापत्री रूप शिक्षापत्री दी है। उसके साररूप ये आज्ञाएँ सब प्रतिदिन पूजा के समय पढे और उसके अनुसार निरन्तर प्रयत्नपूर्वक आचरण करने का आग्रह रखें तो अपने इष्टदेव सर्वोपरी श्री स्वामिनारायण भगवान अवश्य राजी (प्रसन्न) होंगे।

इसके अलावा सिर्फ जीवात्मा के आत्यंतिक कल्याणार्थ ही और सिर्फ श्रीजीमहाराज को प्रसन्न करने के लिये ही ये सत्संग स्वीकारा है, तो स्वामिनारायण भगवान के अति प्रसन्नता के साधनरूप, उनके स्वरूप की सर्वोपरी शुद्ध उपासना समझना और दृढ करना आवश्यक (जरूरी) है, एक (one) की जगह पर है और अति प्रसन्नतार्थ तथा दिव्यजीवन जीने के लिये ये आज्ञाएँ समझना और उसका पालन करना ये भी इतना ही जरूरी है।

श्रीजीमहाराज ने इसके लिये 'सत्संगी जीवन' आदि ग्रंथों में गृहस्थ तथा त्यागी को पंचवर्तमान रूप आज्ञाएँ दी है। उसका स्वामिनारायण भगवान के तमाम छोटे-बडे, गृही या त्यागी आश्रित भक्तगण बडी सावधानी से पालन करें। ये आज्ञाएँ त्रिकालाबाधित है, यानी तीनों काल में तथा किसी भी देश में या स्थान में हरिभक्तों के लिये इसका पालन करना अति आवश्यक है। इसलिये उन आज्ञाओं को जानकर, सोचकर, उसके अनुसार दिव्य जीवन बने इसलिये यहाँ सर्व प्रथम स्वामिनारायण भगवान के दिये हुए पंचवर्तमान, जिसमें शिक्षापत्री की बहुत सी आज्ञाओं का समावेश हो जाता है, तदुपरांत शिक्षापत्री की आज्ञाएँ यहाँ सार के रूप में दी है। प्रत्येक सत्संगी को उसका प्रतिदिन पठन करना चाहिए और मनन-चिंतन करके, स्वअध्ययन करके, अपनी कमियों को दूर करके, प्रयत्नपूर्वक उसके अनुसार आचरण करने का प्रयत्न करें।

सत्संग साहित्य डिपार्टमेन्ट के

प्रेमभरे जय स्वामिनारायण...

जीवन मंत्र

स्वामिनारायण भगवान मेरे इष्टदेव है।

यह सत्संग मेरा घर है।

महाराज की मूर्ति मेरा ध्येय है।

सदेह मैं मूर्तिधाम में ही हूँ।

महाराज के लिये ही मेरा जन्म है।

उनके हो के ही सदा जीना है।

भगवान और संत की सेवा ये ही मेरा सुख है।

उनकी आज्ञा और अनुवृत्ति में ही सदा रहूँगा।

सत्संगी मात्र के सुख-दुःख में हमेशा सहभागी रहूँगा।

-जय श्री स्वामिनारायण

शिक्षापत्री सारांश

गृहस्थों के पंचवर्तमान (नियम)

(सत्संगीजीवन, शिक्षापत्री और गढडा प्रथम के ७८ वे वचनामृत की रहस्यार्थ टीका के आधार पर)

(१) दारू वर्तमान :

''जो देखने से, खाने से, पीने से, सुनने से या अनुभव करने से इन्द्रियाँ-अंतःकरण को नशा चढे, वो तमाम वस्तु, पदार्थ या क्रिया दारू तुल्य माने जाते हैं।'' जैसे कि -

चाय, कोफी, बीडी, सीगरेट, गांजा, अफीम, तंबाकु, गुटखा, मावा-मसाला, पान आदि पदार्थ तथा किसी भी प्रकार का बीयर या अन्य कोई भी प्रकार का दारू भी वर्ज्य है। ये पदार्थों का उपयोग करना तो नहीं, पर करवाना भी नहीं।

- आल्कोहोलिक दवाइयाँ भी दारू तुल्य मानी जाती हैं।
- टी.वी., सिनेमा, सिरियलें, नाटक, सट्टा, जुआँ, चोपाट, लोटरी, सरकस वगैरह मन को नशा करनेवाले हैं, इसलिये वो भी दारू तुल्य माना जाता है।

(२) माटी वर्तमान :

'माटी' का मतलब मांसाहार।

जिसमें सूक्ष्म जीव जन्तुओं का संसर्ग हो तथा जो शास्त्र निषेध हो वह तमाम पदार्थ माटी तुल्य गिने जाय।

- जिसमें प्रत्यक्ष मांस, अंडा तथा मांस और अंडा मिश्रित चीजें या दवाइयों (औषधियों) का उपयोग भी मांसाहार तुल्य हैं।
- बिना छना हुआ पानी, दूध, तेल, घी वगैरह भी मांस तुल्य हैं।

- बिना छना और बिना साफ किया अनाज, आटा, सूक्ष्म कीडें युक्त शाकभाजी... जैसे – फुलगौभी, कुछ भाजीं वगैरह मांस तुल्य हैं।
- तमोगुण प्रधान और अति गंधयुक्त वस्तुएँ जैसे – कांदा (प्याज), लहसून, हिंग आदि....

मतलब घर में तो ये त्याग करने योग्य पदार्थों का त्याग करना ही, लेकिन बाजार की तमाम चीज–वस्तुओं तथा शादी–ब्याह जैसे प्रसंगों में या अशुभ प्रसंगों में भी खाना–पीना नहीं चाहिये क्योंकि, वहा नियम–धर्म का पूर्णरीति से पालन नहीं हो सकता है और इस वर्तमान का भंग होता है। इसलिये **स्वामिनारायण** भगवान को प्रसन्न (राजी) करने के लिये भगवान के भक्त को बाजारू खान–पान का त्याग अवश्य करना चाहिए। जरूरत के हिसाब से घर में ही छानकर, साफ करके, ऊपर के नियमों का पालन करके वस्तु (चीज) बनायें, भगवान को भोग लगायें और प्रसादी की करके उसका उपयोग करें।

(३) चोरी वर्तमान :

चोरी अर्थात् सिर्फ किसी की चीज की चोरी करना वह चोरी कहलाय। बहोत सारे तरीकों से चोरी वर्तमान का उल्लंघन होता है । अगर यह चोरी वर्तमान का अक्षरशः पालन करना हो तो नीचे दी गई क्रियाओ का परित्याग करना होगा।

जैसे की :

- किसी की वस्तु जबरदस्ती या धोखे से नहीं लेना चाहिए।
- रास्ते में पडी हुई चीज भी न लें।
- किसी की अमानत पर अपना हक न करें।
- बिना हक की वस्तु या रकम कोई दे तो भी न लें।
- लांच-रिश्वत लेना, मिलावट करना, कम देना, धोखा करना, कपट करना, इन सब का त्याग करें।
- किसी की बंधियार जगह पर बिना पूछें न ठहरें।

- नौकरी करते हो तो कभी भी कामचोरी या समय की चोरी न करें ।
- सरकारी वस्तु या लाइट, पानी, टेलिफोन वगैरह सेवाओं की चोरी न करें ।
- गैरकानूनी धंधा, व्यवसाय या नौकरी न करें ।
- **देव के प्रति चोरी :** कानूनी धंधा, व्यवसाय, नौकरी या खेती की उपज में से द्रव्य की शुद्धि वास्ते कम से कम **१० प्रतिशत** या व्यवहार से अति दुर्बल हो तो **५ प्रतिशत धर्मादा निकालें** । यह धर्मादा अगर न निकाले तो वह देव की चोरी कहलायें ।

भगवान ने आपको दिया हुआ समय का यानी कि उम्र का भी दशांश भाग धर्मादा निकालें अर्थात् इतना समय भगवान की और संतों की सेवा तथा समागम वास्ते अवश्य निकलें । वरना चोरी वर्तमान का भंग (खंडन) होता है ।

(४) अवेरी वर्तमान :

अवेरी वर्तमान से मतलब ब्रह्मचर्य । गृहस्थ भले ही संसार में हो तो भी उनको **स्वामिनारायण** महाप्रभु को प्रसन्न (राजी) करने के लिये इस वर्तमान का इस प्रकार पालन करना ही चाहिये ।

- पुरुष पर–स्त्री के सामने या स्त्री पर–पुरुष के सामने कुदृष्टि न करें या कुविचार न करें ।
- पुरुष पर–स्त्री का या स्त्री पर–पुरुष का संग न करें ।

पुरुष अपनी युवा माँ, बहन या बेटी के सामने दृष्टि करके ने देखें या उनके साथ एकांत स्थान में न रहें ।

इसी तरह, स्त्री अपने युवा पिता, भाई या बेटे के सामने दृष्टि करके न देखें या उनके साथ एकांत स्थान में न रहें ।

तो स्वाभाविक है कि दूर के सगे-संबंधी, विजातीय मित्र या पुरुष को अन्य स्त्री के सामने और स्त्री को अन्य पुरुष के सामने दृष्टि करके देखने की या एकांत स्थान में रहने की मना ही होगी...होगी...होगी.. ही।

- नाटक, सिनेमा, टी.वी., चेनलें, सिरियलें, ईन्टरनेट तथा आज के आधुनिक उपकरणों द्वारा प्रदर्शित नग्न, अर्धनग्न, चित्र-विचित्र परिधान युक्त देखा करना, दृश्यों या चित्रों को देखना वे भी उतना ही हानिकारक है। जिसका सत्संगी मात्र को निषेध है। उसका प्रयत्न पूर्वक त्याग करें।
- विकृति पैदा करनेवाला तथा खुद के अंग दिखें ऐसे बारीक तथा छोटे वस्त्र न पहने और ऐसे वस्त्र पहने हुए दृश्यों को न देखें।
- गरबा-नृत्य, पार्टियाँ, डिस्को जैसे कामुक तथा वृत्तियों को बहकानेवाले प्रसंगों में (प्रोग्रामों में) हिस्सा न लें और जायें भी नहीं।

- बीभत्स साहित्य, लेख, पुस्तकें, मेगेजीन वगैरह न देखें, न पढें और ऐसे चित्र और दृश्यों को भी न देखें ।
- स्त्रियों को चाहिये कि वो अपने रजस्वला धर्म का सावधानी से (गंभीरता पूर्वक) पालन करें । तीन दिन दूर रहे, चौथे दिन स्नान करके सबको छुए ।
- खुद की स्त्री का भी (पत्नी) ऋतुकाल में आसक्ति रहित संग करें । उसमें भी एकादशी, एकादशी के आगे का और पीछे का दिन, व भगवान के प्रागट्य दिन तथा उसके आगे का और पीछे का दिन, अमावस्या, श्रावण मास, अधिक मास, व्रत-यज्ञादिक उत्सवों के दिन तथा तीर्थस्थान वगैरह में खुद की स्त्री का भी त्याग रखें ।

(५) आचारभ्रष्ट न होना और दूसरें को आचारभ्रष्ट नहीं करना :

जिस के घर का खाना निषेध हो उसके घर का खाना नहीं। अगर हमारे खुद के घर का खाना (खाना-पीना) जिसके लिए निषेध हो उसको खिलाना नहीं अर्थात् धर्म-नियम युक्त न हो उसके घर का खाना-पीना नहीं करना और हमारा खानपान ऐसा न हो तो धर्म-नियम के पालन करने वाले को आग्रह करके खिलाना नहीं।

सत्संगी मात्र को अवश्य पालने के नियम

इस पंचवर्तमान के अतिरिक्त **स्वामिनारायण भगवान** ने शिक्षापत्री में निर्देश किये हुए सार-रूप आज्ञाओं का भी भगवान के शरणागत भक्तगण अवश्य पालन करें।

(१) किसी भी जीव-प्राणीमात्र की हिंसा न करें। और जानकर के तो बारीक (छोटे) जीव जैसे कि जूएँ, खटमल, मच्छर, आदि जीवों की हिंसा कभी भी न करें।

(२) किसी भी प्रकार की मुश्किल में या परेशानी में या कुछ अयोग्य आचरण हो जाय तो इससे परेशान होकर या पश्चात्ताप के रूप में भी किसी प्रकार का आत्मघात तो न ही करें और शस्त्रादि से स्वयं का या दूसरों के किसी भी अंग का छेदन भी न करें।

(३) धर्म-कार्य के लिये भी कोई किसी प्रकार का चोरी का कर्म न करें और मालिकी की चीजें जैसे कि काष्ठ, पुष्प, फल आदि मालिक की आज्ञा के बिना न लें।

(४) स्वयं के स्वार्थ के लिये किसी पर भी मिथ्या आरोप न लगायें और किसी को गाली तो कभी

भी न दें ।

(५) किसी की निंदा, द्रोह या अवगुण (दोष), अभाव (कमी) की बातें कभी भी न करें और न सुनें ।

(६) हमेशा सत्य वचन ही बोलें । फिर भी यदि कोई सत्य वचन बोलने से स्वयं का या दूसरों का द्रोह होता हो तो ऐसा सत्य वचन भी कभी न बोलें ।

(७) जो कृतघ्नी हो अर्थात् किया हुआ भूल जाय, उसके संग का त्याग करें ।

(८) चोर, पापी, व्यसनी, पाखंडी, कामी तथा लोगों को ठगनेवाला – ऐसे छः प्रकार के कुसंग का संग न करें ।

(९) जो मनुष्य भक्ति का या ज्ञान का सहारा लेकर स्त्री, द्रव्य और रसास्वाद के प्रति अति लालची होकर पापी प्रवृत्ति का आचरण करते हो ऐसे

मनुष्य का संग न करें ।

(१०) मंदिर, जीर्ण देवालय, नदी–तालाब का किनारा, रास्ता, बोया हुआ खेत, वृक्ष की छाया तथा बाग–बगीचा आदि स्थानों में कभी भी मल–मूत्र न करें तथा थूंके भी नहीं ।

(११) चोरी–छिपे कहीं भी आना–जाना नहीं चाहिए और निकलना भी नहीं चाहिए ।

(१२) पुरुष, स्त्री के मुख से ज्ञान–वार्ता न सुनें और स्त्रीओं के साथ वाद–विवाद न करें ।

(१३) गुरु का, अतिश्रेष्ठ मनुष्य का, समाज में प्रतिष्ठित मनुष्य का, किसी विद्वान का तथा शस्त्रधारी मनुष्य का कभी भी अपमान न करें और संतो–भक्तों आदि किसी का भी अपमान कभी भी नहीं करना ।

(१४) बिना सोचे–समझे व्यवहारिक कार्य तत्काल न करें, लेकिन धर्म–संबंधी कार्य हो तो तत्काल करें ।

(१५) प्रतिदिन साधु का समागम करें ।

(१६) भगवान या संत के दर्शनार्थ खाली हाथ न जायें ।

(१७) किसी के साथ विश्वासघात न करें ।

(१८) स्वयं अपने ही मुख से अपनी बडाई न करें ।

(१९) मंदिर में आने के बाद स्त्री पुरुष का और पुरुष स्त्री का स्पर्श न करें ।

(२०) कंठ में (गले में) तुलसी की या काष्ठ की माला (कंठी) नित्य धारण करें ।

(२१) नित्य प्रति सूर्योदय से पहले जागे और **स्वामिनारायण** नाम का स्मरण करें ।

(२२) इसके बाद शौचविधि कर बाँया हाथ दस बार और दोनों हाथ मिलाकर सात बार, ऐसे कुल सत्रह बार शुद्ध मिट्टी या पावडर से हाथ धोयें । साबुन या लिक्विड का उपयोग न करें ।

(२३) इसके बाद एक ही स्थान पर बैठकर दंतधावन (मंजन) करें । बाद में शुद्ध-पवित्र जल से

स्नान करें ।

(२४) इसके बाद (पुरुष वर्ग धोया हुआ शुद्ध एक वस्त्र पहनें और एक ओढे) प्रतिदिन **स्वामिनारायण** भगवान की व्यक्तिगत पूजा अवश्य करें । पूजा किये बिना पानी भी न पीयें और भोजन भी न करें ।

(२५) पुरुष वर्ग भाल (ललाट), दोनों हस्त तथा छाती के मध्य में चंदन का तिलक करें तथा चंदन का चांदला (टीका) हस्त तथा छाती में तिलक के मध्य में करें तथा कुमकुम का चांदला (टीका) भाल के मध्य में तिलक करें और स्त्रियाँ सिर्फ भाल में ही कुमकुम की बिंदी करें । विधवा स्त्रियाँ तिलक भी न करें और बिंदी भी न करें ।

(२६) इसके बाद भगवान की प्रगटभाव से मानसी पूजा करें । बाद में '**स्वामिनारायण**' महामंत्र का जाप करें (माला करें) और प्रतिदिन "**अहम्**

अनादिमुक्त स्वामिनारायण दासोस्मि'' इस गुरुमंत्र की एक माला करें ।

(२७) पत्र, कंद, फल या कोई भी चीज भगवान को अर्पण किये बिना न खायें और कोई भी चीज या पदार्थ प्रसादी का किये बिना उसका उपयोग न करें ।

(२८) प्रतिदिन **स्वामिनारायण** भगवान के मंदिर जायें और भगवान के कीर्तन, धून्य बोलें तथा संतों का समागम करें ।

(२९) व्यक्ति के गुण के हिसाब से उनको कार्य के लिये प्रेरित करें तथा उस हिसाब से उसका सम्मान करें तथा कोई प्रतिष्ठित व्यक्ति आयें या बडे-बुजुर्ग आयें तो उनकी योग्यता अनुसार उनका सन्मान करें तथा योग्य स्थान दें ।

(३०) सभा में पैर के ऊपर पैर रखकर या खडे पाँव

न बैठे ।

(३१) किसी भी प्रकार के लालच में आकर अपने धर्म का त्याग न करें ।

(३२) किसी की गुप्त बातें जानते हो तो भी कभी प्रकाशित न करें ।

(३३) चातुर्मास में संत–समागम, माला, परिक्रमा, सद्ग्रंथों का पठन, व्रत–उपवास या ब्रह्मचर्यादिक विशेष नियम धारण करें तथा उसका पालन करें ।

(३४) साल में तीन बडी एकादशी होती है । (१) अषाढ सुद (२) भादो सुद (३) कार्तिक सुद एकादशी । ये तीनों एकादशी, निर्जला एकादशी करना जरुरी है । निम्न व्रत के दिन प्रेमपूर्वक उपवास करें और उपवास के दिन विशेष प्रयत्न करके भी दिन की निद्रा का त्याग करें ।

● चैत्र सुद नोम के दिन भगवान स्वामिनारायण का प्रागट्य हुआ है । उस दिन हरिनवमी का उपवास करना होगा ।

(३५) कभी भूत-प्रेतादिक का उपद्रव हो तो "**स्वामिनारायण**" महामंत्र का जाप करें या उच्च स्वर से उस महामंत्र की धून्य करें।

(३६) सूर्यग्रहण या चंद्रग्रहण के समय सब क्रियाओं का त्याग करके **स्वामिनारायण** भगवान का भजन करें तथा ग्रहण के मोक्ष के बाद वस्त्र सहित स्नान करके गृहस्थ सत्संगी अपने सामर्थ्य अनुसार दान करें और त्यागी को **स्वामिनारायण** भगवान की पूजा करना चाहिये।

(३७) सत्संगी मात्र जन्म के तथा मरण के सूतक का अपने संबंध के अनुसार यथाशास्त्र पालन करें।

(३८) कभी जाने या अनजाने में छोटा-बडा पाप हो जाय तो बडे पुरुष (सत्पुरुष) से या संतों को पूछकर उस पाप का प्रायश्चित्त करें।

(३९) अपने नजदीकी संबंध बिना, जो विधवा स्त्रियाँ हैं, उनका स्पर्श न करें।

(४०) अपने माता-पिता तथा आश्रित मनुष्य की तथा

बीमार-दुःखी की सेवा जीवन-पर्यंत करें ।

(४१) अपने सामर्थ्य अनुसार, अपनी जरूरत के अनुसार अन्न-द्रव्य का संग्रह करें तथा घर में पशु हो तो उनके लिये भी चारे का संग्रह करें ।

(४२) व्यवहारिक लेन-देन में अपने पुत्र या मित्रादिक के साथ भी, साक्ष्य सहित, लिखित में व्यवहार करें, बिना लिखा-पढी का कोई भी व्यवहार न करें ।

(४३) अपनी आय से ज्यादा खर्च न करें और आय खर्च का लेखा-जोखा अवश्य रखें ।

(४४) अपने नौकर-चाकर या मजदूर, उनको तय किया हुआ ही वेतन (मजदूरी) दें, लेकिन उससे कम न दें ।

(४५) आप जहाँ रहते हो, वहाँ कोई आपत्काल आ जाये या विषम देशकाल आ जाये और वो अपना मूलवतन हो तो भी उसका त्याग करें और जहाँ अच्छा देशकाल हो, अच्छी

परिस्थितियाँ हो वहाँ सुख से रहें ।

(४६) व्यवहार से सुखी या धनाढ्य हरिभक्तों को चाहिए कि वो **स्वामिनारायण** भगवान का बडा समैया, उत्सव करायें और मंदिर बनवायें तथा साधु और हरिभक्तों को भोजन करायें ।

(४७) सत्संगी ऐसी सुहागन स्त्रियों को चाहिये कि अपना पति अंध हो, रोगी हो, दरिद्र हो तो भी उनकी सम्मानपूर्वक, प्रेम से सेवा करें पर कटु वचन कभी न बोलें ।

(४८) विधवा स्त्रियाँ पति–बुद्धि की भावना से भगवान को भजें और अपने पिता–पुत्रादिक संबंधी की आज्ञा में रहें, लेकिन स्वतंत्रता पूर्वक न रहें ।

त्यागी संतों के पंचवर्तमान

(धर्मामृत, निष्काम शुद्धि, शिक्षापत्री तथा गढडा प्रथम के ७८ वे वचनामृत की टीका के आधार पर)

त्यागी को गृहस्थ के वर्तमान (नियमों) का पालन तो करना ही है, लेकिन तदुपरांत...

(१) निष्कामी वर्तमान :

त्यागी संतों को अष्ट प्रकार से ब्रह्मचर्य का पालन करना चाहिए। जैसे कि....

- स्त्री का संग न करें।
- स्त्री के वस्त्रों को स्पर्श न करें।
- स्त्री को स्पर्श न करें।
- स्त्री के रूप-कुरूप की बात न करें। स्त्री काली है, गोरी है, युवान है या वृद्ध है, उसका निर्णय न करें।
- स्त्री का मनन न करें।

- स्त्री के चित्र को भी निहार के न देखें और स्पर्श भी न करें ।
- स्त्री को भोगने का संकल्प भी न करें तो क्रिया का तो प्रश्न ही नहीं उठता ।
- स्त्रियों के साथ बात न करें ।

इसलिये,

संतों को चाहिये कि वे जोड (दो संत) बिना अकेले बाहर न जायें या विचरण न करें क्योंकि, इससे एक-दूसरे की मर्यादा के कारण भी निष्कामीभाव दृढ रहे और अगर अनजाने में कुछ भूल हो जायें तो निष्कामशुद्धि (शास्त्र का नाम) के अनुसार उसका प्रायश्चित्त करें ।

(२) निर्लोभी वर्तमान :

- साधु होकर कोडी जितना भी द्रव्य अपने पास रखें, रखवायें या छुए तो उनको एक एक मिनट

हजार गायों को मारने का पाप लगता है।

- कहे अनुसार ग्यारह वस्त्रों से ज्यादा बारहवाँ वस्त्र न रखें।
- वस्त्र भी मोटे मादरपाट के ही पहनें, पर बारीक (पतला) वस्त्र न पहनें।
- वस्त्रों को रंग से न रंगे, पर रामपुर गाँव की भगवी मिट्टी से ही रंगे।
- सिले हुए वस्त्र न पहनें।
- रजोगुणी रेशमी, मलमल या अन्य वस्त्र, तथा रजोगुणी पदार्थों को स्वयं के उपयोग के लिये न रखें।

(३) निर्मानी वर्तमान :

किसी भी प्रकार का मान न रखें।

स्वामिनारायण भगवान की इच्छा से मान-सम्मान मिले या अपमान मिले तो भी दोनों परिस्थिति में समभाव में रहकर बर्ताव करें।

(४) निःस्नेही वर्तमान :

- अपने पूर्वाश्रम के माता-पिता, भाई या निकट के संबंधी के साथ किसी प्रकार का व्यवहार न रखें ।
- अपनी जन्मभूमि या पूर्वाश्रम के घर से कोई व्यवहार न रखें ।
- स्नेह एक मात्र **स्वामिनारायण** भगवान में तथा भगवान को साथ में रखकर संतों तथा हरिभक्तों में ही करें ।

(५) निःस्वादी वर्तमान :

- खाने और पीने के लिये किसी धातु के बर्तन का उपयोग न करें, पर काष्ठ के पात्र का तथा तुंबडी का (पानी पीने का पात्र) ही उपयोग करें ।
- **स्वामिनारायण** भगवान की इच्छा से जो भी भोजन (अन्न) मिले, उसमें पानी डालकर और सब मिलाकर के निःस्वादी भोजन करें ।

इसके अतिरिक्त शिक्षापत्री की अन्य आज्ञाओं का

भी त्यागी संतों को अवश्य पालन करना चाहिये ।

१) जिस स्थान में स्त्रियों का आना-जाना हो उस स्थान में स्नानादिक क्रिया करने भी न जायें ।

२) मैथुनासक्त पशु-पक्षी आदि प्राणी मात्र उसको जान करके न देखें ।

३) स्त्री की वेश-भूषा को धारण किये हुए पुरुष को न छुए और उसके सामने न देखें तथा उसके साथ बात भी न करें ।

४) स्त्री के उद्देशय से **स्वामिनारायण** भगवान की कथा-वार्ता और कीर्तन न करें ।

५) अपने ब्रह्मचर्य व्रत का अथवा पंचवर्तमान का खंडन हो, ऐसा वचन अगर अपने गुरु का हो तो भी न मानें ।

६) अगर कोई स्त्री जबरदस्ती अपने अति समीप आये तो उसे बोलकर या तिरस्कार करके भी

तुरन्त भगाये, लेकिन समीप न आने दें ।

७) स्वयं के शरीर पर तेलमर्दन न करें और करवाये भी नहीं ।

८) रसना (जिबान)के इन्द्रिय को तो विशेषकर जीतें ।

९) काम, क्रोध, लोभ और मान आदिक अंतःशत्रु को जीतें ।

१०) अपने रहने का (ठहरने का) जो स्थान है वहाँ कभी भी स्त्री का प्रवेश न होने दें ।

११) **स्वामिनारायण** भगवान की भक्ति के बिना व्यर्थ समय पसार न करें ।

१२) ग्राम्यवार्ता (व्यर्थ चर्चा) न करें तथा जान करके सुने भी नहीं ।

१३) आपत्काल के बिना कभी भी पलंग (खटिया) पर न सोयें ।

१४) बडे संत के सामने निरंतर (हमेशा) निष्कपटभाव

से बर्ताव करें ।

१५) कोई कुमतिवाला दुष्टजन हो और वो, अपने को गाली दे या मारे तो सहन करें, लेकिन उसको सामने गाली न दें और मारे भी नहीं । पर उसका हित हो ऐसा मन में चिंतवन करें, लेकिन उसका अहित हो ऐसा तो संकल्प भी न करें ।

१६) सबके सामने नम्र रहें और सबका सहन करें । निर्मानीभाव अडिग रखें ।

१७) किसी प्रकार की अहम्बुद्धि न रखें और अपने संबंधी में ममत्व का भाव न रखें ।

इस प्रकार, इस शिक्षापत्री के साररूप आपकी सर्व आज्ञा में, हे **स्वामिनारायण** भगवान, हम दृढभाव से आचरण कर सकें, ऐसा दिव्य बल दो... बल दो.... बल दो.... ।

शिक्षापत्री

वामे यस्य स्थिता राधाश्रीश्च यस्यास्ति वक्षसि ।
वृन्दावनविहारं तं श्रीकृष्णं हृदि चिन्तये ॥१॥
लिखामि सहजानन्दस्वामी सर्वान्निजाश्रितान् ।
नानादेशस्थितान् शिक्षापत्रीं वृत्तालयस्थितः ॥२॥
भ्रात्रो रामप्रतापेच्छारामयोर्धर्मजन्मनोः ।
यावयोध्याप्रसादाख्यरघुवीरामिधौ सुतौ ॥३॥
मुकुन्दानन्दमुख्याश्च नैष्ठिका ब्रह्मचारिणः ।
गृहस्थाश्च मयारामभट्टाद्या ये मदाश्रयाः ॥४॥
सधवा विधवा योषा याश्च मच्छिष्यतां गताः ।
मुक्तानन्दादयो ये स्युः साधवश्चाखिला अपि ॥५॥
स्वधर्मरक्षिका मे तैः सर्वैर्वाच्याः सदाशिषः ।
श्रीमन्नारायणस्मृत्या सहिताः शास्त्रसम्मताः ॥६॥
एकाग्रेणैव मनसा पत्रीलेखः सहेतुकः ।
अवधार्योऽयमखिलैः सर्वजीवहितावहः ॥७॥
ये पालयन्ति मनुजाः सच्छास्त्रप्रतिपादितान् ।
सदाचारान् सदा तेऽत्र परत्र च महासुखाः ॥८॥

तानुल्लंघ्यात्र वर्तन्ते ये तु स्वैरं कुबुद्धयः ।
त इहामुत्र च महल्लभन्ते कष्टमेव हि ॥९॥
अतो भवद्भिर्मच्छिष्यैः सावधानतयाऽखिलैः ।
प्रीत्यैतामनुसृत्यैव वर्तितव्यं निरन्तरम् ॥१०॥
कस्यापि प्राणिनो हिंसा नैव कार्याऽत्र मामकैः ।
सूक्ष्मयूकामत्कुणादेरपि बुद्ध्या कदाचन ॥११॥
देवतापितृयागार्थमप्यजादेश्च हिंसनम् ।
न कर्तव्यमहिंसैव धर्मः प्रोक्तोऽस्ति यन्महान् ॥१२॥
स्त्रिया धनस्य वा प्राप्त्यै साम्राज्यस्य च वा क्वचित् ।
मनुष्यस्य तु कस्यापि हिंसा कार्या न सर्वथा ॥१३॥
आत्मघातस्तु तीर्थेऽपि न कर्तव्यश्च न क्रुधा ।
अयोग्याचरणात् क्वापि न विषोद्बंधनादिना ॥१४॥
न भक्ष्यं सर्वथा मांसं यज्ञशिष्टमपि क्वचित् ।
न पेयं च सुरामद्यमपि देवनिवेदितम् ॥१५॥
अकार्याचरणे क्वापि जाते स्वस्य परस्य वा ।
अंगच्छेदो न कर्तव्यः शस्त्राद्यैश्च क्रुधापि वा ॥१६॥
स्तेनकर्म न कर्तव्यं धर्मार्थमपि केनचित् ।
सस्वामिकाष्ठपुष्पादि न ग्राह्यं तदनाज्ञया ॥१७॥

व्यभिचारो न कर्तव्यः पुम्भिः स्त्रीभिश्च मां श्रितैः ।
द्यूतादि व्यसनं त्याज्यं नाद्यं भङ्गादिमादकम् ॥१८॥
अग्राह्यान्नेन पक्वं यदन्नं तदुदकं च न ।
जगन्नाथपुरोऽन्यत्र ग्राह्यं कृष्णप्रसाद्यपि ॥१९॥
मिथ्यापवादः कस्मिंश्चिदपि स्वार्थस्य सिद्धये ।
नारोप्यो नापशब्दाश्च भाषणीयाः कदाचन ॥२०॥
देवतातीर्थविप्राणां साध्वीनां च सतामपि ।
वेदानां च न कर्तव्या निन्दा श्रव्यान च क्वचित् ॥२१॥
देवतायै भवेद्यस्यै सुरामांसनिवेदनम् ।
यत्पुरोऽजादिहिंसा च न भक्ष्यं तन्निवेदितम् ॥२२॥
दृष्ट्वा शिवालयादीनि देवागाराणि वर्त्मनि ।
प्रणम्य तानि तद्देवदर्शनं कार्यमादरात् ॥२३॥
स्ववर्णाश्रमधर्मो यः स हातव्यो न केनचित् ।
परधर्मो न चाचर्यो न च पाखण्डकल्पितः ॥२४॥
कृष्णभक्तेः स्वधर्माद्वा पतनं यस्य वाक्यतः ।
स्यात्तन्मुखान्न वै श्रव्याः कथावार्ताश्च वा प्रभो ॥२५॥
स्वपरद्रोहजननं सत्यं भाष्यं न कर्हिचित् ।
कृतघ्नसंगस्त्यक्तव्यो लुञ्चा ग्राह्या न कस्यचित् ॥२६॥

चोरपापिव्यसनिनां संगः पाखण्डिनां तथा ।
कामिनां च न कर्तव्यो जनवञ्चनकर्मणाम् ॥२७॥
भक्तिं वा ज्ञानमालम्ब्य स्त्रीद्रव्यरसलोलुभाः ।
पापे प्रवर्तमानाः स्युः कार्यस्तेषां न संगमः ॥२८॥
कृष्णकृष्णावताराणां खण्डनं यत्र युक्तिभिः ।
कृतं स्यात्तानिशास्त्राणि न मान्यानि कदाचन ॥२९॥
अगालितं न पातव्यं पानीयं च पयस्तथा ।
स्नानादि नैव कर्तव्यं सूक्ष्मजन्तुमयाम्भसा ॥३०॥
यदौषधं च सुरया सम्पृक्तं पललेन वा ।
अज्ञातवृत्तवैद्येन दत्तं चाद्यं न तत् क्वचित् ॥३१॥
स्थानेषु लोकशास्त्राभ्यां निषिद्धेषु कदाचन ।
मलमूत्रोत्सर्जनं च न कार्यं ष्ठीवनं तथा ॥३२॥
अद्वारेण न निर्गम्यं प्रवेष्टव्यं न तेन च ।
स्थाने सस्वामिके वासः कार्योऽपृष्ट्वा न तत्पतिम् ॥३३॥
ज्ञानवार्ताश्रुतिर्नार्या मुखात् कार्या न पुरुषैः ।
न विवादः स्त्रिया कार्यो न राज्ञा न च तज्जनैः ॥३४॥
अपमानो न कर्तव्यो गुरुणां च वरीयसाम् ।
लोके प्रतिष्ठितानां च विदुषां शस्त्रधारिणाम् ॥३५॥

कार्यं न सहसा किंचित्कार्यो धर्मस्तु सत्वरम् ।
पाठनीयाऽधीतविद्या कार्यः संगोऽन्वहं सताम् ॥३६॥
गुरुदेवनृपेक्षार्थं न गम्यं रिक्तपाणिभिः ।
विश्वासघातो नो कार्यः स्वश्लाघा स्वमुखेन च ॥३७॥
यस्मिन् परिहितेऽपि स्युर्दृश्यान्यंगानि चात्मनः ।
तद्दूष्यं वसनं नैव परिधार्यं मदाश्रितैः ॥३८॥
धर्मेण रहिता कृष्णभक्तिः कार्या न सर्वथा ।
अज्ञनिन्दाभयान्नैव त्याज्यं श्रीकृष्णसेवनम् ॥३९॥
उत्सवाहेषु नित्यं च कृष्णमन्दिरमागतैः ।
पुम्भिः स्पृश्या न वनितास्तत्र ताभिश्च पुरुषाः ॥४०॥
कृष्णदीक्षां गुरोः प्राप्तै स्तुलसीमालिके गले ।
धार्ये नित्यं चोर्ध्वपुण्ड्रं ललाटादौ द्विजातिभिः ॥४१॥
तत्तु गोपीचन्दनेन चन्दनेनाथवा हरेः ।
कार्यं पूजावाशिष्टेन केसरादियुतेन च ॥४२॥
तन्मध्य एव कर्तव्यः पुण्ड्रद्रव्येण चन्द्रकः ।
कुङ्कुमेनाथवा वृत्तोः राधालक्ष्मी प्रसादिना ॥४३॥
सच्छूद्राः कृष्णभक्ता ये तैस्तु मालोर्ध्वपुण्ड्रके ।
द्विजातिवद्धारणीये निजधर्मेषु संस्थितैः ॥४४॥

भक्तैस्तदितरैर्माले चन्दनादिन्धनोद्भवे ।
धार्ये कण्ठे ललाटेऽथ कार्यः केवलचन्द्रकः ॥४५॥
त्रिपुण्ड्ररुद्राक्षधृतिर्येषां स्यात्स्वकुलागता ।
तैस्तु विप्रादिभिः क्वापि न त्याज्या सा मदाश्रितैः ॥४६॥
एकात्म्यमेव विज्ञेयं नारायणमहेशयोः ।
उभयोर्ब्रह्मरूपेण वेदेषु प्रतिपादनात् ॥४७॥
शास्त्रोक्त आपद्धर्मो यः स त्वल्पापदि कर्हिचित् ।
मदाश्रितैर्मूख्यतया ग्रहीतव्यो न मानवैः ॥४८॥
प्रत्यहं तु प्रबोद्धव्यं पूर्वमेवोदयाद्रवेः ।
विधाय कृष्णस्मरणं कार्यः शौचविधिस्ततः ॥४९॥
उपविश्यैव चैकत्र कर्तव्यं दन्तधावनम् ।
स्नात्वा शुच्यम्बुना धौते परिधार्यै च वाससी ॥५०॥
उपविश्य ततः शुद्ध आसने शुचिभूतले ।
असंकीर्ण उपस्पृश्यं प्राङ्मुखं वोत्तरामुखम् ॥५१॥
कर्तव्यमूर्ध्वपुण्ड्रं च पुम्भिरेव सचन्द्रकम् ।
कार्य सधवनारीभिर्भाले कुंकुमचन्द्रकः ॥५२॥
पुण्ड्रं वा चन्द्रको भाले न कार्यो मृतनाथया ।
मनसा पूजनं कार्यं ततः कृष्णस्य चाखिलैः ॥५३॥

प्रणम्य राधाकृष्णस्य लेख्यार्चां तत आदरात् ।
शक्त्या जपित्वा तन्मन्त्रं कर्तव्यं व्यावहारिकम् ॥५४॥
ये त्वम्बरीषवद्भक्ताः स्युरिहात्मनिवेदिनः ।
तैश्च मानसपूजान्तं कार्यमुक्तक्रमेण वै ॥५५॥
शैली वा धातुजा मूर्तिः शालग्रामोऽर्च्य एव तैः ।
द्रव्यैर्यथाप्तैः कृष्णस्य जप्योऽथाष्टाक्षरो मनुः ॥५६॥
स्तोत्रादेरथ कृष्णस्य पाठः कार्यः स्वशक्तितः ।
तथानधीतगीर्वाणैः कार्यं तन्नामकीर्तनम् ॥५७॥
हरेर्विधाय नैवेद्यं भोज्यं प्रासादिकं ततः ।
कृष्णसेवापरैः प्रीत्या भवितव्यं च तैः सदा ॥५८॥
प्रोक्तास्ते निर्गुणा भक्ता निर्गुणस्य हरेर्यतः ।
सम्बन्धात्तत्क्रियाः सर्वा भवन्त्येव हि निर्गुणाः ॥५९॥
भक्तैरेतैस्तु कृष्णायानर्पितं वार्यपि क्वचित् ।
न पेयं नैव भक्ष्यं च पत्रकन्दफलाद्यपि ॥६०॥
सर्वैरशक्तौ वार्धक्याद्गरीयस्यापदाऽथवा ।
भक्ताय कृष्णमन्यस्मै दत्त्वा वृत्यं यथाबलम् ॥६१॥
आचार्येणैव दत्तं यद्यच्च तेन प्रतिष्ठितम् ।
कृष्णस्वरूपं तत्सेव्यं वन्द्यमेवेतरत्तु यत् ॥६२॥

भगवन्मन्दिरं सर्वैः सायं गन्तव्यमन्वहम् ।
नामसंकीर्तनं कार्यं तत्रोच्चै राधिकापतेः ॥६३॥
कार्यास्तस्य कथावार्ताः श्रव्याश्च परमादरात् ।
वादित्रसहितं कार्यं कृष्णकीर्तनमुत्सवे ॥६४॥
प्रत्यहं कार्यमित्थं हि सर्वैरपि मदाश्रितैः ।
संस्कृतप्राकृतग्रन्थाभ्यासश्चापि यथामति ॥६५॥
यादृशैर्यो गुणैर्युक्तस्तादृशे स तु कर्मणि ।
योजनीयो विचार्यैव नान्यथा तु कदाचन ॥६६॥
अन्नवस्त्रादिभिः सर्वे स्वकीयाः परिचारकाः ।
सम्भावनीयाः सततं यथायोग्यं यथाधनम् ॥६७॥
यादृग्गुणो यः पुरुषस्तादृशा वचनेन सः ।
देशकालानुसारेण भाषणीयो न चान्यथा ॥६८॥
गुरुभूपालवर्षिष्ठत्यागिविद्वत्तपस्विनाम् ।
अभ्युत्थानादिना कार्यः सन्मानो विनयान्वितैः ॥६९॥
नोरौ कृत्वा पादमेकं गुरुदेवनृपान्तिके ।
उपवेश्यं सभायां च जानू बद्धवा न वाससा ॥७०॥
विवादो नैव कर्तव्यः स्वाचार्येण सह क्वचित् ।
पूज्योऽन्नधनवस्त्राद्यैर्यथाशक्ति स चाखिलैः ॥७१॥

तमायान्त निशम्याशु प्रत्युद्गन्तव्यमादरात् ।
तस्मिन् यात्यनुगम्यं च ग्रामान्तावधि मच्छ्रितैः ॥७२॥
अपि भूरिफलं कर्म धर्मापेतं भवेद्यदि ।
आचर्य तर्हि तन्नैव धर्मः सर्वार्थदोऽस्ति हि ॥७३॥
पूर्वैर्महद्भिरपि यदधर्माचरणं क्वचित् ।
कृतं स्यांत्तत्तु न ग्राह्यं ग्राह्यो धर्मस्तु तत्कृतः ॥७४॥
गुह्यवार्ता तु कस्यापि प्रकाश्या नैव कुत्रचित् ।
समदृष्ट्या न कार्यश्च यथार्हार्चाव्यतिक्रमः ॥७५॥
विशेषनियमो धार्यश्चातुर्मास्येऽखिलैरपि ।
एकस्मिन् श्रावणेमासि स त्वशक्तैस्तु मानवैः ॥७६॥
विष्णोः कथायाः श्रवणं वाचनं गुणकीर्तनम् ।
महापूजा मंत्रजपः स्तोत्रपाठः प्रदक्षिणाः ॥७७॥
साष्टांगप्रणतिश्चेति नियमा उत्तमा मताः ।
एतेष्वेकतमो भक्त्या धारणीयो विशेषतः ॥७८॥
एकादशीनां सर्वासां कर्तव्यं व्रतमादरात् ।
कृष्णजन्मदिनानां च शिवरात्रेश्च सोत्सवम् ॥७९॥
उपवासदिने त्याज्या दिवा निद्रा प्रयत्नतः ।
उपवासस्तया नश्येन्मैथुनेनेव यन्नृणाम् ॥८०॥

सर्ववैष्णवराजश्रीवल्लभाचार्यनन्दनः ।
